संख्या–cm-278
07/06/2025

# मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग में निर्माणाधीन ऑफिसर्स इनक्लेव का किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने दिया निर्देश

पटना, 07 जून 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गर्दनीबाग में निर्माणाधीन ऑफिसर्स इनक्लेव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 10 मंजिला भवन का जायजा लिया। 9वें फ्लोर पर बने फ्लैट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने फ्लैट के विभिन्न भागों– किचन, स्टोर रूम, ड्राइंग रूम, डायनिंग रूम, बेडरूम को देखा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री छत पर गये और छत से पूरे परिसर का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे परिसर को साफ–सुथरा एवं हरा–भरा रखें। छत पर सोलर प्लेट लगाये ताकि सौर ऊर्जा का उत्पादन हो सके और यहां की बिजली की जरूरतों को भी पूर्ण किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस 10 मंजिला भवन का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें ताकि इसमें अधिकारियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि फ्लैट के आगे जब पार्क बन जाएगा तब इस क्षेत्र का दृश्य और सुंदर लगेगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******